सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

संपादकः संजय बघेल

बुधवार 21 जनवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 270 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप की स्टेज 4 को हटाया गया

**नईदिल्ली।** कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के स्टेज 4 को हटा दिया है। हवा की क्वालिटी में सुधार होने के बाद ये फैसला लिया गया है। कमीशन ने कहा कि प्रदूषण के लेवल को कंट्रोल करने के लिए स्टेज-1, 2 और 3 के तहत उठाए गए कदम लागू रहेंगे।

### महाराष्ट्र में वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर प्राइवेट बस में आग लगी

**मुंबई।** मलाड इलाके में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर मंगलवार सुबह एक प्राइवेट बस में आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए ट्रैफिक रुक गया। हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बस के अगले हिस्से में जिस वक्त आग लगी, उसमें यात्री सवार थे। उन सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। दमकलकर्मियों ने 30 मिनट में आग बुझा दी।

### असम के कोकराझार में भीड़ के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में मवेशी चोरी के संदेह में भीड़ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सड़क निर्माण परियोजना से जुड़े ये लोग सोमवार रात औदांग इलाके से निरीक्षण कर लौट रहे थे। गौरी नगर-माशिंग रोड पर स्थानीय लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद भीड़ ने वाहन में सवार लोगों पर हमला कर आग लगा दी, जिससे वे झुलस गए।

### कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में ट्रक से टकराई बस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में सोमवार को एक पैसेंजर्स बस और ट्रक टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए। घायलों ने बताया कि बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# नितिन नबीन भाजपा अध्यक्ष, फोकस बंगाल-तमिलनाडु पर

## कहा- साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान मिला; मोदी बोले- अब वे मेरे बॉस

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**नितिन** नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।'

बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।'

**नबीन ने 20 मिनट का भाषण दिया, कहा- हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगा**

**पीएम की तारीफ की:** 'हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वहीं बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं।'

**भाजपा के नारों का जिक्र किया:** 'भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा। जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते हुए देखते हैं, तो गर्व की अनुभूति होती है।

**सबसे पहले राष्ट्र:** जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई, तो कश्मीर की फिजा बदली। हम 'राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में, और खुद सबसे आखिर में' के आदर्श पर काम करते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है।

### मोदी की स्पीच में 5 बड़ी बातें, कहा- जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही आगे बढ़ेगा



● **कांग्रेस अपने पतन की जिम्मेदार:** 'आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं। जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही देश में आगे बढ़ेगा।'

● **घुसपैठियों को देश लूटने नहीं देगा:** 'आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है। इसके अलावा ऐसे राजनीतिक दल जो वोट बैंक की राजनीति में घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें हमें पूरी शक्ति से जनता के सामने बेनकाब करना होगा।'

● **महाराष्ट्र नतीजों ने बताया भाजपा पहली पसंद:** 'भाजपा सिर्फ संसद और विधानसभा की ही नहीं, बल्कि नगरपालिकाओं और नगर निगमों में भी पहली पसंद है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र है। भाजपा, महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में नंबर वन पार्टी बनी है। कुल 29 में से 25 बड़े शहरों की जनता ने भाजपा-एनडीए को चुना है। कुल जितने पार्षद जीते हैं, उनमें से 50% भाजपा के हैं। ऐसे ही केरल में भाजपा के करीब 100 पार्षद हैं। ऐसे ही तिरुवनंतपुरम की जनता ने मेयर चुनाव में 45 साल बाद लेफ्ट से सत्ता छीनी और भाजपा पर भरोसा किया।'

● **पिछले डेढ़ साल में जीते 4 राज्यों में चुनाव:** 'बीते डेढ़-दो वर्षों में भाजपा पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है। विधानसभा हो या स्थानीय निकाय, भाजपा की स्ट्राइक रेट अभूतपूर्व रही है। इस दौरान देश में 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, इनमें से 4 चुनाव भाजपा-एनडीए ने जीते हैं।'

### नड्डा 10 मिनट बोले, कहा- पार्टी में आगे बढ़ने के लिए मेहनत जरूरी

● **नितिन पर भरोसा:** 'नबीन की लीडरशिप में पार्टी नई राज्यों में अपनी पहुंच बढ़ाएगी। उन क्षेत्रों में भी कमल खिलेगा जहां अब तक भाजपा को सफलता नहीं मिली है, जैसे बंगाल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, असम और केरल।'

● **कार्यकर्ता को संदेश:** भाजपा में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है। संगठन में मेहनत करने वाला हर व्यक्ति आगे बढ़ सकता है।


● **पार्टी विस्तार पर जोर:** भाजपा का लक्ष्य उन राज्यों में भी मजबूती से आगे बढ़ना है जहां अब तक पार्टी कमजोर रही है, जैसे तमिलनाडु, बंगाल, केरल आदि।

● **मोदी की सराहना:** पार्टी पीएम मोदी के विकास और सुशासन की सोच को आगे बढ़ा रही है।

● **संगठनात्मक अनुशासन और एकता:** कार्यकर्ताओं को अनुशासन, एकजुटता और समर्पण के साथ काम करना होगा, ताकि पार्टी के लक्ष्य पूरे किए जा सकें।

# सेंसेक्स 1066 अंक गिरकर 82180 पर बंद

## ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के कब्जे की जिद का असर, रियल स्टेट सेक्टर में 5% की गिरावट




राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**आज** यानी, मंगलवार 20 जनवरी को सेंसेक्स 1065 अंक (1.28%) गिरकर 82,180 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 353 अंक (1.38%) की गिरावट रही। ये 25,233 के स्तर पर आ गया। मार्केट एक्सपर्ट्स बाजार में गिरावट की बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की जिद को मान रहे हैं। इसके अलावा तीसरी तिमाही में रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियों के मुनाफे में कमी भी इसका कारण माना जा रहा है।

सुबह बाजार की शुरुआत सुस्त रही और निफ्टी 100 अंक नीचे 25,500 के करीब ओपन हुआ। शुरुआती कुछ घंटों में बाजार ने खुद को संभालने की कोशिश की। लेकिन दोपहर होते-होते आईटी, फार्मा और बैंकिंग जैसे सेक्टर्स में बिकवाली तेज हो गई। एनएसई का निफ्टी रियल्टी (रियल स्टेट) इंडेक्स 5% टूट गया। वहीं ऑटो और आईटी इंडेक्स में 2% से ज्यादा की गिरावट आई।

इससे पहले 13 मई 2025 को सेंसेक्स 1,000 अंक से ज्यादा गिरा था। तब ये 1,281 अंक गिरकर 81,148 पर बंद हुआ था।

### ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ा

बाजार में आई गिरावट की वजह बढ़ती ग्लोबल अनिश्चितता है। ट्रम्प ग्रीनलैंड को उसके संसाधनों के लिए अमेरिका का हिस्सा बनाना चाहते हैं। यूरोप इसका विरोध कर रहा है। अमेरिका और यूरोप के बीच पैदा हुए नए भू-राजनीतिक तनाव के बाद ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन यूरोपीय सहयोगी देशों से होने वाले आयात पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, जो ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे हैं। इस स्थिति पर चर्चा करने और जवाबी कार्रवाई पर फैसला लेने के लिए यूरोपीय संघ के नेता गुरुवार को ब्रुसेल्स में एक इमरजेंसी समिट करने जा रहे हैं।

**ग्लोबल मार्केट में गिरावट**

एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.39% गिरकर 4,885 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 1.11% नीचे 52,991 पर बंद हुआ है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.29% नीचे 26,487 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.085% नीचे 4,113 पर बंद हुआ है।

19 जनवरी को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.17% गिरकर 49,359 पर बंद हुआ।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in




**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।' कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। आज की सुनवाई में- पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे हैं।

**मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी**

**जस्टिस नाथ (एमिकस से):** क्या आपकी नोट तैयार हो गई है?

**एमिकस क्यूरी (वकील गौरव अग्रवाल):** अभी 7 राज्यों की जानकारी आनी बाकी है।

**बेंच का आदेश:** व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी।

### असम में भीड़ ने घरों-चौकी में आग लगाई

**कोकराझार।** असम के कोकराझार में बोडो समुदाय और आदिवासियों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों समुदायों ने घरों और करिगांव पुलिस चौकी में आग लगा दी। भीड़ ने टायरों में आग लगाकर करिगांव के पास नेशनल हाइवे जाम कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अगले आदेश तक इंटरनेट पर भी रोक लगा दी है। दरअसल, सोमवार रात करिगांव चौकी के पास मानसिंह रोड पर एक गाड़ी ने दो आदिवासी समुदाय के लोगों को टक्कर मार दी थी। कार में बोडो समुदाय के तीन लोग सवार थे। हादसे के बाद कार सवार लोगों को आस-पास के आदिवासी ग्रामीणों ने पीटा और गाड़ी में आग लगा दी।

# अविमुक्तेश्वरानंद बोले- सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक मत रखो : इस तरह कब तक बच पाओगे

## प्रशासन ने शंकराचार्य होने का सबूत मांगा था

राष्ट्रबाण | प्रयागराज | एजेंसी | rashtrabaan.in



**प्रयागराज** में रथ रोकने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर जो गलती प्रशासन से हुई है, उसको ये लोग पीछे करना चाह रहे। सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? खुद सरकार ने महाकुंभ में एक पत्रिका छापी थी, उसमें मुझे शंकराचार्य के रूप में छापा था।

इससे पहले धरने पर बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्रशासन ने नोटिस दिया। मेला प्राधिकरण ने उन्हें 24 घंटे में यह साबित करने को कहा है कि वे ही असली शंकराचार्य हैं।

सोमवार रात 12 बजे कानूनगो अनिल कुमार माघ मेला में शंकराचार्य के शिविर पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य के शिष्यों से नोटिस लेने के लिए कहा। शिष्यों ने नोटिस लेने से मना कर दिया। कहा- इतनी रात में कोई नहीं हैं। सुबह आइएगा। कानूनगो अनिल कुमार मंगलवार सुबह फिर शंकराचार्य शिविर पहुंचे। वहां गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। दरअसल, ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य की पदवी को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और वासुदेवानंद के बीच विवाद है।

ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य पद का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट ने 14 अक्टूबर, 2022 को आदेश दिया था कि जब तक इस केस का अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी शंकराचार्य घोषित नहीं किया जा सकता, न ही किसी का पट्टाभिषेक किया जा सकता है।

# ट्रम्प की फ्रांसीसी शराब पर 200% टैरिफ की धमकी :मैक्रों का प्राइवेट मैसेज लीक किया

## फ्रांस ने गाजा पर साथ देने से इनकार किया था

राष्ट्रबाण | वॉशिंगटन डीसी | एजेंसी | rashtrabaan.in



**अमेरिकी** राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांस के वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोमवार को यह चेतावनी फ्रांस के गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी। ट्रम्प ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को शामिल भी नहीं करना चाहते, क्योंकि बहुत जल्द उनकी कुर्सी छिनने वाली है।

उन्होंने कहा- अगर मुझे लगा तो मैं फ्रांसीसी वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाऊंगा, फिर मैक्रों खुद पीस बोर्ड में शामिल हो जाएंगे। दरअसल ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन को चलाने और उसे फिर से बसाने के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है। ट्रम्प ने इस कमेटी में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा है। ट्रम्प ने मैक्रों के एक प्राइवेट मैसेज का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर मंगलवार को लीक कर दिया है।

**फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने ट्रम्प को त्7 बैठक बुलाने का प्रस्ताव दिया:** ट्रम्प ने जो मैसेज शेयर किया उसमें इमेनुअल मैक्रों ने कहा था- सीरिया के मुद्दे पर हम पूरी तरह आपसे सहमत हैं। ईरान के मामले में हम काफी कुछ कर सकते हैं, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप ग्रीनलैंड में क्या कर रहे हैं। एक मत तक पहुंचने के लिए मैक्रों ने एक औपचारिक बैठक का प्रस्ताव रखा।

## रायबरेली में कहा- देश का धन अंबानी-अडाणी को देना चाह रहे

# राहुल बोले-मोदी गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं

राष्ट्रबाण | रायबरेली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी अपने रायबरेली दौरे पर हैं। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी सारा पावर अपने हाथों में लेकर गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाकर उनका अपमान किया है। मगर मुख्य बात नाम बदलने की नहीं है। हमारी गरीब जनता को जो सुरक्षा दी गई थी, उसे मोदी सरकार ने खत्म कर दिया है।

एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं, दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी देश का पूरा धन खींचकर अंबानी और अडाणी के हाथों में दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने का आंदोलन कर रही है। हम मजदूरों की रक्षा के लिए मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।

राहुल ने मंगलवार सुबह कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, फिर रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। टॉस के लिए सिक्का भी उछाला। इसके बाद राहुल ने चौपाल लगाई और मनरेगा मजदूरों से बात की।

राहुल सोमवार देर रात रायबरेली पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल गांधी अब तक 5 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका छठा दौरा है। इससे पहले, राहुल 10 सितंबर 2025 को रायबरेली दौरे पर आए थे।

### राहुल गांधी की बड़ी बातें पढ़िए-

● नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि मनरेगा योजना खत्म हो जाए, ताकि जो पैसा बहनों और मजदूरों को जाता है, वह सीधे अंबानी, अडाणी और बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पास चला जाए। सामने से तो यह नहीं कर सकते, इसलिए धीरे-धीरे मनरेगा का गला घोंटा जा रहा है।

● हम संविधान की रक्षा करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि संविधान रद्द हो, खत्म हो। वे अंबेडकर जी की सच्चाई को मिटाना चाहते हैं। गांधी जी की सोच को मिटाना चाहते हैं। आजादी से पहले जो हिंदुस्तान था, वैसा हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं, जहां आपके हाथों से जमीन छीनी जाए।

● आपके सारे हक छीन लिए जाएं। आपकी सारी योजनाएं खत्म कर दी जाएं। योजनाओं का पैसा अंबानी और अडाणी जैसे उद्योगपतियों को दिया जाए। आपकी जमीन अडाणी-अंबानी के हवाले कर दी जाए और आप सभी भुखमरी की ओर चले जाएं। यह इनका लक्ष्य है। हमें एक साथ खड़ा होना है।

● हिंदुस्तान की सरकार अडाणी-अंबानी की सरकार है, किसानों और मजदूरों की सरकार नहीं है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 21 जनवरी 2026

# राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# बीजेपी-आरएसएस हिंदुओं और ओवैसी मुलसमानों को डराते हैं: दिग्विजय सिंह

## पूर्व सीएम ने कहा- सावरकर और जिन्ना ने देश का बंटवारा कराया अब मोहल्ले बंट रहे

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू धर्म के साथ नहीं, बल्कि हिंदुत्व के साथ खड़ी है। दिग्विजय सिंह ने कहा- ÷हिंदुत्व कोई धर्म नहीं है, यह केवल एक पहचान है। भाजपा लोगों को मूर्ख बनाने का काम कर रही है।÷



### बीजेपी हिंदू धर्म के साथ नहीं, हिंदुत्व के साथ

दिग्विजय सिंह ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर कहा - भाजपा हिंदू धर्म के साथ नहीं हैं हिंदुत्व के साथ है। हिंदुत्व धर्म नहीं हैं ये पहचान है, उन्होंने जो कहा है लोगों को मूर्ख बना रहे हैं। जगह-जगह हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। हम से ही चंदा ले रहे हैं और हमको ही भंडारा खिला रहे हैं। ये कौन सा धर्म है।

### सावरकर और जिन्ना ने देश का बंटवारा कराया, अब मोहल्लों के बंटवारे हो रहे

पूर्व सीएम ने आगे कहा- आपस की लड़ाई के कारण देश को खतरा है। इस बात को समझो देश को बचाओ। सावरकर जी ने और मुहम्मद अली जिन्ना जी ने देश का बंटवारा करा दिया एक बार.... अब देश का बंटवारा नहीं, यहां मोहल्लों का बंटवारा हो रहा है। शहरों में बंटवारा हो रहा है। कई जगह ऐसी हो गई हैं कि मुसलमानों ने अपना मोहल्ला बना लिया हिन्दुओं ने अपना मोहल्ला बना लिया। ये बंटवारा क्यों हो रहा है? हम सब एक हैं सबका मालिक एक है। हम लोग भारतीय हैं भारत वर्ष हमारे संविधान में दिया हुआ हमारे देश का नाम है।

### हिंदू शब्द वैदिक नहीं, फारसी है

दिग्विजय सिंह ने कहा- हिंदू शब्द कहां से आया है ये वैदिक शब्द नहीं हैं। ये फारसी शब्द है। जब भारसी भाषा यहां आई तो फारसी लोग स को ह कहते हैं तो सिंध नदी के इस पार जो लोग रहते थे वो लोग हिंदू कहलाने लगे। इसलिए मोहन भागवत ठीक कहते हैं हिंदू-मुसलमान, हिंदू-ईसाई, हिंदू-सिखज. बात वही है कि हिंदू धर्म नहीं है, ये एक भौगोलिक शब्द है। हमारा धर्म सनातन है।

### हमारी आस्था का प्रतीक मणिकर्णिका घाट तोड़ा

दिग्विजय ने कहा- ये हिंदुत्व के साथी हैं सनातन धर्म के साथी नहीं हैं। अगर होते तो परंपरागत हजारों वर्ष से एक आस्था का प्रश्न है कि मणिकर्णिका घाट पर हमारा दाह संस्कार होगा तो हमें मोक्ष मिलेगा। ये हमारी आस्था का प्रश्न है कि हमारी अस्थियां मणिकर्णिका घाट पर गंगा जी में प्रवाहित हो तो मोक्ष मिलेगा। उस मणिकर्णिका घाट को तोड़ दिया। हमारे लिए तो ये और दुख की बात है कि मां अहिल्या जिन्होंने सनातन धर्म के लिए हर तरह से काम किया। काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। उनकी प्रतिमा तोड़ दी और उनका महल तोड़ दिया। ये क्या हमारा सनातन धर्म है? ये नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत से प्रश्न करता हूं कि आप जो काम कर रहे हैं वो सनातन धर्म के विरोध में काम कर रहे हैं। हिंदुत्व का शब्द सावरकर जी ने दिया उन्होंने कहा था ये धर्म नहीं हैं ये पहचान है।

### जिसका अंत नहीं वो सनातन

दिग्विजय सिंह ने कहा- सनातन का मतलब क्या होता है जिसका कोई अंत नहीं वो सनातन है। सनातन धर्म में हजारों वर्ष से इस बारे में विवाद हुआ चर्चा हुई उसका निचोड़ सनानत धर्म में यही है अद्वैत वेदांत। इसमें आदि शंकराचार्य ने दो हजार साल पहले हमारे चार मठ स्थापित किए। इसका मतलब ये है कि नर ही नारायण है मुझे कहीं जाने की जरूरत नहीं हैं। यहां हृदय में नारायण है इन्हें सनातन की परिभाषा कौन समझाए?

### बीजेपी-आरएसएस हिंदुओं और ओवैसी मुसलमानों को डराते हैं

दिग्विजय सिंह ने कहा- भाजपा और आरएसएस इनका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। ये केवल लोगों को डराते हैं हिंदुओं एक हो जाओ, हिंदू धर्म खतरे में हैं और ओवैसी कहते हैं मुसलमानों एक हो जाओ हिंदुओं से खतरा है। दोनों मिलकर खेल खेलते हैं। न हिंदुओं को खतरा है न मुसलमानों को खतरा है।

# बजट सत्र से पहले वित्त विभाग सख्त

## तीसरे अनुपूरक को लेकर फैसला, अफसरों की गाड़ियों-एसी और फर्नीचर के लिए नहीं मिलेगा पैसा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in



विधानसभा के फरवरी में प्रस्तावित बजट सत्र की तैयारियों के बीच वित्त विभाग ने सभी विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि 31 मार्च से पहले की शेष वित्तीय तिमाही के दौरान अफसरों के लिए नई गाड़ियां खरीदने, कार्यालयों में एसी लगवाने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या फर्नीचर की खरीद के लिए किसी भी तरह का बजट आवंटन नहीं किया जाएगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चालू वित्त वर्ष के तीसरे अनुपूरक बजट में इस तरह के मामलों से संबंधित कोई भी प्रस्ताव न भेजा जाए।

### विस में पेश किया जाएगा तीसरा अनुपूरक

वित्त विभाग के अनुसार अगले माह से शुरू होने वाले विधानसभा बजट सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस वर्ष बजट निर्माण की प्रक्रिया जीरो बेस्ड बजट प्रणाली के आधार पर की है, जिसमें सभी मदों की समीक्षा के बाद ही प्रावधान किए गए हैं। साथ ही पूर्व वित्तीय वर्ष के लंबित बिलों को बजट प्रावधान के जरिए न्यूनतम करने का प्रयास भी किया गया है।

### 23 जनवरी तक ऑनलाइन मांगे प्रस्ताव

ऐसी स्थिति में तीसरे अनुपूरक बजट के लिए विभागों से केवल तय मापदंडों के अनुरूप प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रस्ताव 23 जनवरी 2026 तक केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भेजे जाएंगे। विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि तीसरे अनुपूरक बजट से संबंधित सभी प्रस्ताव पहले संबंधित प्रशासकीय विभाग से अनुमोदन के बाद ही भेजे जाएं। प्रस्ताव में योजना का सेगमेंट कोड और नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा जिन बजट मदों में केंद्र सरकार से सहायता प्राप्त होनी है, वहां केंद्र से मिलने वाली राशि की पूरी जानकारी देना जरूरी होगा, चाहे वह अनुदान हो या ऋण के रूप में। यदि किसी मद के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही है, तो उसके साथ अनुदान संख्या और संबंधित वित्तीय विवरण भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे।

### इन प्रस्तावों को ही किया जाएगा स्वीकार

- जिन कामों के लिए राज्य की आकस्मिक निधि से एडवांस स्वीकृत किया गया है।
- ऐसे प्रस्ताव जिसके लिए विभागों ने वित्त विभाग से चर्चा की है और जिनके लिए वित्त विभाग द्वारा सहमति दी गई है।
- जिनके लिए भारत सरकार या अन्य एजेंसी से वित्तीय सहायता या केंद्रांश स्वीकृत किया गया हो और जो मौजूदा बजट मद से अलग नहीं की जा सकती हो।
- जिसके लिए अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था प्रशासकीय विभाग अन्य योजनाओं में उपलब्ध राशि से कटौती कर बचत राशि से नहीं कर पाएंगे।
- विशेष पूंजीगत सहायता योजना में जिन विभागों द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं या भेजना है उसके अंतर्गत अलग से बजट लाइन खोलने की आवश्यकता हो तो प्रतीक प्रावधान से अलग से बजट लाइन खोलने के लिए अनुपूरक प्रस्ताव दिया जा सकेगा।
- विशेष पूंजीगत सहायता योजना में भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त कार्यों में यदि अलग से अतिरिक्त बजट की जरूरत हो तथा अन्य योजनाओं से बचत की पूर्ति किया जाना संभव नहीं हो।

# युवक को मंत्री का मुखौटा पहनाकर पुलिस को सौंपा

## भोपाल में कांग्रेस का प्रदर्शन; अमित शर्मा बोले- विजय शाह को मंत्री पद से हटाया जाए

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस ने भोपाल में अनूठे ढंग से प्रदर्शन किया। भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमित शर्मा के नेतृत्व में एक कार्यकर्ता को मंत्री विजय शाह का मुखौटा पहनाकर उसे हथकड़ी लगाकर पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता पीसीसी से मंत्री का मुखौटा पहने हुए व्यक्ति को हथकड़ी पहनाए हुए पांच नंबर स्टॉप पर स्थित पुलिस चौकी पहुंचे। यहां मंत्री का मुखौटा पहने व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया।

### अमित शर्मा बोले- विजय शाह को पद से हटाया जाए

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमित शर्मा ने कहा मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी सोफिया कुरैशी का अपमान किया। सोफिया ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया और उसे अपमानित करने वाले मंत्री को मध्य प्रदेश की मोहन सरकार बचाने में लगी हुई है। छह महीनों से सरकार लगातार मंत्री को संरक्षण दे रही है।

### सुप्रीम कोर्ट में सत्य की जीत हुई

अमित शर्मा ने कहा- मध्य प्रदेश की सरकार जिस मंत्री का संरक्षण कर रही थी उसपर मुकद्मा चलाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से सत्य की जीत हुई है मोहन सरकार की हार हुई है।

### हमने प्रतीकात्मक रूप से मंत्री को गिरफ्तार किया

अमित शर्मा ने कहा- हम मंत्री विजय शाह के घर गए थे वे घर से फरार हैं। हमें विजय शाह केरवा के जंगल में घूमते हुए मिले हमने उन्हें प्रतीकात्मक रूप से गिरफ्तार करके पुलिस के हवाले किया है।

# त्योहार, जन्मदिन, मांगलिक कार्यक्रम पर गांवों के स्कूलों में भोज

## सरकार का फरमान, ग्राम सभाओं के जनप्रतिनिधि, वीबी जी राम जी पर भी करेंगे चर्चा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अब विद्यार्थियों के लिए वरिष्ठ नागरिक, त्योहार, जन्मदिन, मांगलिक कार्यक्रम पर गांव के विद्यालय में तिथि भोज दिए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव पर इस साल गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाली ग्राम सभाओं में इसको लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही पंचायतों में सोलर एनर्जी के अधिकाधिक उपयोग को भी बढ़ावा देने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की सभी पंचायतों में मनरेगा के नए नाम और उसमें तय किए गए प्रावधानों पर चर्चा की जाएगी। सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश में 24 जनवरी से 28 जनवरी के बीच ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाना है। इसके लिए पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से एजेंडा भी तय कर दिया गया है। इसमें संकल्प से समाधान



अभियान की प्रोग्रेस पर चर्चा की जाएगी, जो 31 मार्च तक चार चरण में चलने वाला है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 की प्राथमिकता, पंचायत में खुद के राजस्व स्त्रोत बढ़ाने और अटल ई सेवा पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही ई कोर्ट की स्थापना, पंचायतों में बिजली बिलों के भुगतान की प्रगति, स्वच्छ पेयजल प्रदाय की प्रोग्रेस और नल जल योजनाओं के संचालन संधारण पर चर्चा की जाएगी। पंचायतों में नए निर्माण कार्यों, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने खासतौर पर पीएम कुसुम, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसे स्कीम को बढ़ावा देने पर काम करने को लेकर चर्चा की जाएगी।

### मध्यान्ह भोजन, गांवों के विद्यालयों में तिथि भोज पर फोकस

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील नवाचार से ग्राम सभा के सदस्यों को अवगत कराने और ग्राम के सभी प्रमुख लोगों, ग्राम सभा सदस्यों के मोबाइल में इस एप को डाउनलोड कराने का काम किया जाएगा। ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के मापदंडों से ग्राम सभा को अवगत कराया जाएगा और ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित गांवों के मापदंडों के अनुसार मिली कमियों पर चर्चा ग्राम सभा में की जाएगी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत पीएम पोषण शालाओं में वितरित किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन का नियमित वितरण, साप्ताहिक मेन्यू, क्वालिटी से पूर्ण और तय मात्रा में भोजन दिए जाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिक, त्यौहार, जन्मदिन, मांगलिक कार्यक्रम पर ग्राम की शाला में तिथि भोज दिए जाने पर चर्चा की जाएगी। इंटरनेशन मिलेट इयर के संबंध में बच्चों को जागरूक किए जाने और शाला स्तर पर गतिविधियों के बारे में भी जानकारी देने का काम किया जाएगा।

### वीबी जी राम जी पर चर्चा, नए हितग्राही तलाशेंगे

मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद के अंतर्गत विकसित भारत ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) पर ग्राम सभाओं में चर्चा कराई जाएगी। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अधूरे कामों को पूरा कराने और जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 में शामिल किए जाने वाले कामों पर चर्चा की जाएगी। एक बगिया मां के नाम परियोजना के कामों पर चर्चा की जाएगी और नए हितग्राही चयन पर विचार होगा। गंगोत्री हरित परियोजना के अंतर्गत वन भूमि में नदियों के उद्गम स्थल पर पौधरोपण, रोजगार नियोजन में महिला और एससी, एसटी श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही गुड गवर्नेंस गतिविधियों और रोजगार दिवस आयोजन व जॉब कार्ड अपडेशन व ई केवाईसी पर चर्चा की जाएगी।

### अविवाहित महिलाओं के लिए आजीविका मिशन में व्यवस्था

सरकार के निर्देशों में कहा गया है कि मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी गांवों में स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में जाने, दिव्यांग, विधवा तथा अविवाहित महिला होने पर उसे स्वसहायता समूह फोल्ड में शामिल किए जाने, पारंपरिक कला संबंधी काम गांव में किए जाने पर उसका चिन्हांकन किए जाने पर ग्राम सभा में चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पंचायत स्तर पर जेंडर फोरम के गठन तथा फोरम को एक्टिव किए जाने पर विचार किया जाएगा। ग्राम सभा के एजेंडे में वाटर शेड विकास घटक के अंतर्गत पीएम कृषि सिंचाई योजना में 2025-26 में किए जाने वालों कामों की प्रगति पर चर्चा होगी।

# जगदीश, उदय, संपतिया तय करेंगे नई आबकारी नीति

## मंत्रियों की तीन सदस्यीय कमेटी तैयार करेगी 111 साल पुराने नियम बदलने का मसौदा

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश में 1915 में बने आबकारी नियमों में बदलाव को लेकर मंत्रीमंडल समिति निर्णय लेगी। कैबिनेट के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बना दी है, जो इसी माह बैठक कर आबकारी नियमों में बदलाव का मसौदा तैयार करेगी और इसे कैबिनेट में मंजूरी के लिए लाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा बनाई गई मंत्रियों की कमेटी अवैध शराब परिवहन और जहरीली शराब को लेकर भी निर्णय ले सकती है, ताकि इस तरह की स्थितियों पर रोक लगाई जा सके। राज्य शासन ने वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति बनाने, उससे संबंधित मामलों में समय-समय पर निर्णय लेने तथा आगामी वर्षों के लिए सुझाव देने के लिए मंत्री-परिषद समिति का गठन किया है। इस समिति में उप मुख्यमंत्री और वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री सम्पतिया उइके को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति के सचिव प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर होंगे। समिति द्वारा आबकारी नीति 2026-27 को अंतिम रूप देने के साथ-साथ संबंधित विषयों पर निर्णय लेकर आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे।

### इन पर भी होगा समिति में डिस्कशन

- वर्ष 1915 में बने आबकारी अधिनियम के कोई प्रावधान अगर आज की स्थिति में अव्यावहारिक हैं तो उसमें संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। यह बदलाव आज के समय के हिसाब से किया जाएगा जो समयानुकूल हो।
- शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायतों पर नियंत्रण के लिए समिति फैसले लेगी। इसमें संबंधित जिलों के अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करने का फैसला हो सकता है।
- जहरीली शराब की घटनाओं से होने वाली मौतों और इससे सरकार की छवि धूमिल होने के मामले में समिति ऐसी शराब की बिक्री प्रतिबंधित रखने पर फोकस करेगी।

# नांदेड़ के लिए दो स्पेशल ट्रेनें

## मप्र के यात्रियों को राहत, बीना, भोपाल और इटारसी होकर गुजरेंगी ट्रेनें

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

नांदेड़ में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर 24 और 25 जनवरी 2026 को होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर चंडीगढ़ और हजरत निजामुद्दीन से नांदेड़ के लिए दो आरक्षित स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों से खास तौर पर मध्य प्रदेश के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन विशेष ट्रेनों के ठहराव से मध्य प्रदेश के प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को नांदेड़ में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पहले ट्रेन की समय-सारिणी और आरक्षण की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।



### मध्य प्रदेश के इन स्टेशनों के यात्रियों को लाभ

ये दोनों स्पेशल ट्रेनें बीना जंक्शन, भोपाल जंक्शन और इटारसी जंक्शन होकर गुजरेंगी। इससे सागर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल सहित आसपास के जिलों के यात्रियों को नांदेड़ आने-जाने के लिए सीधी रेल सुविधा मिलेगी। आम दिनों में सीमित विकल्प होने के कारण यात्रियों को जिन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वह इन स्पेशल ट्रेनों से काफी हद तक दूर होगी।

## एम्स की इस खोज से बिना लक्षण वालों में भी सामने आएगा रोग, जल्द इलाज से बचेगी जान

# सिर्फ ब्लड टेस्ट से शुरुआत में पकड़ आएगा फैटी लिवर

राष्ट्रबाण भोपाल| संवाददाता rashtrabaan.in

फैटी लिवर आज की लाइफस्टाइल में सबसे आम और खतरनाक बीमारी बन रही है। दिक्कत यह है कि ज्यादातर लोग इसे देर से पकड़ पाते हैं, क्योंकि शुरुआती दौर में कोई लक्षण नहीं दिखते। दूसरी समस्या यह है कि इसे पहचानने के लिए कई बार बायोप्सी जैसी इंटेंसिव जांच करवानी पड़ जाती है, जिसे मरीज टालते रहते हैं। अब,ढ्ढढ्डस्स् भोपाल की एक नई स्टडी ने इस परेशानी का हल ढूंढा है। रिसर्च में ऐसे नए बायो-मार्कर मिले हैं जिनकी मदद से खून की



जांच से ही शुरुआती फैटी लिवर का पता चल सकेगा। इससे जल्दी इलाज का फायदा मिलेगा और मरीजों को बायोप्सी से छुटकारा मिल सकता है।

### फैटी लिवर चुपचाप बढ़ता है, देर से पकड़ में आता है

आजकल लोगों में पेट की चर्बी, बढ़ा वजन, शुगर, बीपी और जंक फूड की वजह से फैटी लिवर तेजी से बढ़ रहा है। यह बीमारी शुरुआती स्टेज में शांत रहती है। कोई दर्द नहीं, कोई खास परेशानी नहीं। लेकिन धीरे-धीरे यह आगे बढ़कर लिवर में सूजन, फाइब्रोसिस, सिरोसिस और अंत में लिवर कैंसर तक पहुंच सकती है। डॉक्टरों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि यह बीमारी शुरुआती स्तर पर पकड़ में नहीं आती और मरीज देर से इलाज के लिए आते हैं।

### पुरानी जांचों में आती थी दिक्कतें

अब तक डॉक्टर फैटी लिवर पकड़ने के लिए अल्ट्रासाउंड, लिवर एंजाइम टेस्ट और जरूरत पड़ने पर लिवर बायोप्सी कराते थे। लेकिन इन तीनों में दिक्कतें हैं कि अल्ट्रासाउंड पर शुरुआती फैट नहीं दिखता, एंजाइम रिपोर्ट अक्सर नॉर्मल आती है और बायोप्सी सटीक है, लेकिन दर्दनाक और महंगी होती है। इसी वजह से मरीज अंतिम स्टेज में डॉक्टर के पास पहुंचते हैं और तब इलाज मुश्किल हो जाता है।

### स्टडी ने दिखाया नया रास्ता

अब एम्स भोपाल के बायोकैमिस्ट्री विभाग में हुई एक रिसर्च ने नया रास्ता दिखाया है। इस रिसर्च में तीन ऐसे बायोमार्कर पहचान लिए गए हैं जो खून की जांच से ही फैटी लिवर की गंभीरता बता सकते हैं। ये बायोमार्कर एड्रोपिन, आइरिसिन और साइटोकेराटिन-18 हैं। इनकी खास बात यह है कि ये फैटी लिवर के स्टेज और रोग की गंभीरता दोनों को दिखाते हैं। स्टडी में पाया गया कि जैसे-जैसे फैटी लिवर बढ़ा, एड्रोपिन और आइरिसिन कम होते गए। जबकि, साइटोकेराटिन-18 बढ़ता गया। इस बदलाव का सीधा संबंध बॉडी वेट, लिवर एंजाइम और लिपिड प्रोफाइल से भी मिला। यानी खून की जांच से ही पता चल गया कि लिवर कितना थका हुआ है और कितनी सूजन है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 21 जनवरी 2026

# महाकौशल राष्ट्रबाण

• सोहगपुर • ब्योहारी • जयसिंहपुर • जैतपुर

# एमबीबीएस प्रथम बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित

## 100 नए डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शासकीय बिरसा मुंडा चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल के एमबीबीएस प्रथम बैच का दीक्षांत एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह जय विलास पैलेस शहडोल में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता एवं डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने पारंपरिक विधि से माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की।





### भगवान के बाद चिकित्सक ही जीवन देते हैं नई दिशा

मुख्य अतिथि कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मरीज चिकित्सकों के पास बड़ी उम्मीदों के साथ आते हैं, क्योंकि भगवान के बाद चिकित्सक ही मरीजों को नई जिंदगी देने का कार्य करते हैं। उन्होंने नव-उत्तीर्ण चिकित्सकों से अपील की कि वे ईमानदारी, संवेदनशीलता, सहनशीलता और सेवा भाव के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें और समाज में एक नई पहचान स्थापित करें। कमिश्नर ने विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए नवस्नातक डॉक्टरों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### सिम्पैथी और समर्पण से बनता है सफल चिकित्सक

डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने कहा कि एक सफल चिकित्सक बनने के लिए सिम्पैथी, कमिटमेंट और पेशेंट-सेंट्रिक अप्रोच बेहद आवश्यक है। उन्होंने नवस्नातक डॉक्टरों को चिकित्सा सेवा में निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

### 100 नवस्नातकों को दीक्षांत सम्मान

इस अवसर पर वर्ष 2019 बैच के कुल 100 नवस्नातक डॉक्टरों को एमबीबीएस उत्तीर्ण करने पर दीक्षांत सम्मान प्रदान किया गया। छात्रों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा की यादें साझा कीं और समारोह में अतिथियों द्वारा डिग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. राजेश टेंभुर्निकर, डॉ. राजेश खरात, डॉ. मितेश सिन्हा, डॉ. विक्रांत कबीरपंथी, डॉ. अभिषेक गौर, डॉ. रुचि श्रीवास्तव सहित मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक जनसुनवाई में दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों की अपर कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने आवेदन प्राप्त मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।जनसुनवाई में पुष्पा वर्मा ने विकलांग बच्चे की पेंशन, शुभम बारिक ने ओबीसी प्रमाण पत्र, राजेंद्र प्रसाद भरिया ने किसान सम्मान निधि लाभ, श्यामलाल प्रजापति ने अधिग्रहण भूमि का मुआवजा, रामकृपाल ने खसरे में नाम दर्ज और किरण साकेत ने ऑगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एमपी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, समान वेतन और सभी सुविधाएं दिए जाने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूरा और स्थायी काम लिया जा रहा है, तो उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा क्यों नहीं दिया जाता। इस मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल धगट की एकल पीठ में हुई। हाईकोर्ट ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ

## खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जिले में खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और उनका उत्साहवर्धन किया।जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकसी, कबड्डी, पिट्ठू, वालीबॉल, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, बॉक्सिंग,शतरंज जैसे अन्य प्रतियेगिता में जिलेभर के लगभग 912 खिलाड़ियो ने अपनी-अपनी विधाओ का प्रदर्शन किया। जिसमें सोहागपुर के 400, ब्यौहारी के 147, गोहपारू के 55, जयसिंहनगर के 130 एवं बुढार ब्लाक के 180 खिलाडी शामिल रहें। संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स संभाग प्रतियोगिता आज प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अल्ट्राटेक कोल माइंस के महाप्रबंधक सैयद कादरी, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अजय सोंधिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें।

# जबलपुर में गले लगाया, फिर चाकू घोंपकर मार डाला

## घर के बाहर गाली-गलौज से रोक रहा था; हमले से नाराज साथियों ने आरोपी के घर तोड़-फोड़ की

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

जबलपुर में मंगलवार सुबह एक युवक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना रांझी थाना क्षेत्र के इंदिरा आवास की है। सुबह करीब 10.30 बजे रितेश पटेल (25) पर दो युवकों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रितेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी लड्डू बावरिया अपने साथ राजू सोनकर के साथ एक्टिवा से पहुंचा। रितेश के घर के सामने गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर रितेश घर से बाहर निकला। उसने आरोपी को गाली देने से मना किया तो आरोपी उसके पास पहुंचा। पहले उसे गले लगाया और फिर अचानक चाकू निकालकर उस पर वार करने लगा। हमले के बाद अपनी एक्टिवा छोड़कर दोनों मौके से भाग निकले। हालांकि पुलिस ने लड्डू को हिरासत में ले लिया है। वारदात के बाद गुस्साए मृतक के साथी आरोपी लड्डू बावरिया के घर पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने बावरिया के घर में रखी कार, बाइक, एक्टिवा और दरवाजों को ना सिर्फ तोड़ा बल्कि जमकर पथराव भी किया।

### पड़ोसियों ने की आरोपी को पकड़ने की कोशिश

रितेश की चीख सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। लोगों ने आरोपी का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। भागते समय आरोपी की एक्टिवा स्टार्ट नहीं हुई, जिसे वह मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की प्रत्यक्षदर्शी प्रियंका पटेल ने बताया कि आरोपी पीछे की गली से पैदल आया था और रितेश के घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा। नींद से उठकर बाहर आए रितेश ने जब विरोध किया तो आरोपी ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रितेश मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। परिजन और पड़ोसी रितेश को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों का कहना है कि रितेश का किसी से कोई विवाद नहीं था। आरोपी को उन्होंने पहले कभी इलाके में नहीं देखा।

# शीत लहर के मद्देनजर स्कूल और आंगनवाड़ी अब 11 बजे से होंगे संचालित, कलेक्टर ने जारी किया संशोधित आदेश

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जिले में शीत लहर को देखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संशोधित आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय और मान्यता प्राप्त सीबीएससी, आईसीएससी विद्यालय तथा आंगनवाड़ी केंद्र अब 31 जनवरी तक प्रातः 11 बजे से संचालित किए जाएंगे। जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही आयोजित होंगी। शिक्षकों और शिक्षिकाओं को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहें। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को शीतलहर के प्रभाव से सुरक्षित रखना है और साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में व्यवधान न आने देना है।

# एमपी में टाइगर्स की मौतों पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

## नेपाल-चीन में बॉडी पार्ट की तस्करी का आरोप; केंद्र-राज्य और एलटीसीए को नोटिस

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in



टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश में बढ़ती टाइगर्स की मौतों पर जबलपुर हाईकोर्ट सख्त हुआ है। याचिका एनवायरमेंटल एक्टिविस्ट अजय दुबे ने साल 2025 में 54 बाघों की मौतों और शिकार पर याचिका दायर की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को भी नोटिस जारी किया है। याचिका में बताया है कि टाइगर के शिकार के बाद नेपाल और चीन में बॉडी पार्ट की तस्करी की जाती है। याचिका में मांग की गई है कि रातापानी टाइगर रिजर्व में रेलवे ट्रैक पर अंडरब्रिज बनाया जाए।

# पुलिस अधीक्षक ने स्वर्गीय आरक्षक के पुत्र को सौंपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कोतवाली शहडोल में पदस्थ आरक्षक स्व. महेश प्रसाद पाठक की 7 दिसंबर 2025 को बस स्टैण्ड शहडोल में ड्यूटी के दौरान हुई असामयिक मृत्यु के बाद उनके वैध वारिस, पुत्र सचिन पाठक, निवासी ग्राम सथिनी, तहसील सिरमौर, जिला रीवा को पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने आरक्षक पद हेतु अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। पुलिस अधीक्षक श्रीवास्तव ने सचिन पाठक को समझाइश देते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति परिवार के जीविकोपार्जन के लिए दी जाती है। उन्होंने कहा कि माता की सेवा जीवनभर करनी चाहिए और किसी के बहकावे में आकर किसी भी गलत कार्य में शामिल नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने सचिन पाठक से अनुरोध किया कि अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से प्राप्त दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान एवं थाना प्रभारी कोतवाली राघवेंद्र तिवारी भी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

## दूर-दराज से आए लोगों ने साझा की समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र समाधान के कमिश्नर ने दिए निर्देश

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम गोरतरा निवासी शिवकरण सिंह ने पुराने मकान को ध्वस्त करने से रोक लगाने का अनुरोध किया। ग्राम अमरहा निवासी लक्ष्मण सिंह ने आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने की मांग रखी। ग्राम जमुनिहा निवासी रामभुवन तिवारी ने भूमि का मैनुअल नक्शा ऑनलाइन नक्शा में दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया। उमरिया जिले के ग्राम बड़ागांव निवासी सम्पत बैगा ने पीएम जन मन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। कमिश्नर ने सभी प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए और कहा कि समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार अन्य नागरिकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं के आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## कार्यकर्ताओं ने एसपी ऑफिस का किया घेराव, धक्का-मुक्की हुई; विधायक बोले-संरक्षण दे रही पुलिस

# जबलपुर में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जबलपुर की पूर्व विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ते अपराध, अवैध जुआ-सट्टा, नशे के कारोबार और बेलगाम यातायात व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए एसपी ऑफिस के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका, जिसके चलते मौके पर तनाव की स्थिति भी बनी रही। प्रदर्शन को देखते हुए शहर के छह थानों की पुलिस फोर्स को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया था।

### पैदल मार्च करते एसपी ऑफिस पहुंचे कार्यकर्ता

इससे पहले घमापुर स्थित रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां से विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए सभी एसपी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान विधायक लखन घनघोरिया ने आरोप लगाया कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है।

### जुआ-सट्टा, नशे का कारोबार चल रहा

उन्होंने कहा कि अवैध जुआ-सट्टा और नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, जबकि यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान विधायक लखन घनघोरिया के पुत्र और मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जय घनघोरिया भी मौजूद रहे और उन्होंने भी प्रशासन से क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुधारने की मांग की।

### प्रदर्शन के चलते यातायात प्रभावित

प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए इलाके में यातायात प्रभावित रहा। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा और प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त कराया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 21 जनवरी 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# सोशल मीडिया पर खुली चुनौती

## सिवनी पुलिस को चिढ़ा रहा 'घोंटा गैंग' का कथित सरगना राहुल चन्द्रहास

### लूट का मुख्य आरोपी राहुल डुंडा सिवनी पुलिस की पहुंच से बाहर!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में अपराध और पुलिस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। 'घोंटा गैंग' का कथित सरगना राहुल चन्द्रहास उर्फ घोंटा, जिस पर सिवनी कोतवाली समेत कई थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज बताए जाते हैं, खुलेआम सोशल मीडिया पर सक्रिय है। डुंडा सिवनी थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामले में फरार बताए जा रहे राहुल की सोशल मीडिया मौजूदगी न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है, बल्कि इसे पुलिस के लिए सीधी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।



राहुल चन्द्रहास उर्फ़ घोंटा
पुलिस के लिए बना चुनौती।

**सिवनी** जिले में अपराधियों के बढ़ते हौसले और पुलिस की कार्यशैली को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। 'घोंटा गैंग' का कथित सरगना राहुल चन्द्रहास उर्फ घोंटा इन दिनों सोशल मीडिया पर जिस तरह से सक्रिय है, उसने आम लोगों के साथ-साथ प्रशासनिक हलकों को भी हैरानी में डाल दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, राहुल चन्द्रहास पर सिवनी कोतवाली सहित जिले के अन्य थानों में चोरी, लूट, मारपीट और आपराधिक धमकी जैसे दर्जनों मामले दर्ज बताए जाते हैं।

ताजा मामला डुंडा सिवनी थाना क्षेत्र का है, जहां राहुल चन्द्रहास के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज किया गया है। इस केस के बाद से ही वह फरार बताया जा रहा है। पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी होने का दावा कर रही है, लेकिन दूसरी ओर राहुल का सोशल मीडिया पर बेखौफ अंदाज कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है।

बताया जा रहा है कि राहुल चन्द्रहास अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगातार अपनी तस्वीरें और रील्स पोस्ट कर रहा है। कभी स्टाइलिश अंदाज में फोटो, तो कभी दबंगई दिखाती रील्स, इन पोस्ट्स को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसे कानून का कोई डर नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राहुल का इस तरह खुलेआम सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना, सिवनी पुलिस को चिढ़ाने और चुनौती देने जैसा है। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि कहीं अपराध को ग्लैमराइज तो नहीं किया जा रहा। मानो वह यह संदेश दे रहा हो दम है तो पकड़ लो। यही वजह है कि आम जनता के बीच यह चर्चा आम हो गई है कि क्या पुलिस सच में उसे पकड़ने में असफल साबित हो रही है?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब एक कथित फरार आरोपी खुलेआम सोशल मीडिया पर एक्टिव रह सकता है, तो इससे आम आदमी का पुलिस और कानून व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। लोगों का यह भी कहना है कि अगर राहुल जैसे आरोपी पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं, तो उसकी निगरानी और गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों हो रही है? पुलिस अधिकारियों की मानें तो आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने न आने से पुलिस के इन दावों पर सवाल उठ रहे हैं।

# पतंग महोत्सव के माध्यम से स्वच्छता व नशामुक्ति का दिया गया संदेश



राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**शासकीय** महाविद्यालय कुरई में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वाधान में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक संदेशों से युक्त रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज गहरवार ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन करते हुए पतंगों पर स्वच्छता एवं नशामुक्ति से जुड़े प्रेरक नारे लिखे और एक स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुरक्षित समाज का संदेश दिया।

इस अवसर पर छात्रा अलीशा खान ने अभियान का नेतृत्व करते हुए पतंगों पर 'स्वच्छता अपनाओ, गंदगी दूर भगाओ एक कदम स्वच्छता की ओर' जैसे नारे लिखे तथा आकर्षक चित्रकारी के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं छात्रा स्नेहा बरमैया ने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' का संदेश देकर नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। छात्रा आलिया खान ने कहा कि जिस प्रकार पतंग ऊँचाई पर जाकर अधिक सुंदर लगती है, उसी प्रकार नशे से दूर रहकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम में डॉ. तीजेश्वरी पारधी ने कहा कि पतंगें आशा और स्वतंत्रता का प्रतीक हैं, जो जीवन की चुनौतियों को पार करने की प्रेरणा देती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य बी.एस. बघेल ने छात्र-छात्राओं के इस नवाचारी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में अलीशा, आलिया, ज़ीनत, आर्यन धौलपुरिया, श्वेता वाडिवा, जीनत खान, पायल, पल्लवी, हर्षिता मोरे, शिखा इनवाती सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

## दो चोरी की बाइक जब्त कीं, पुलिस कर रही पूछताछ

**सिवनी।** डूंडासिवनी थाना पुलिस ने दोपहर के समय वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो चोरी की मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपए है। यह कार्रवाई शहर में बढ़ती वाहन चोरी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक चैनसिंह उइके ने बताया कि नियमित वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चलाते देखा। संदेह होने पर उसे रोका गया और वाहन के कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान कटंगी नाका निवासी वंशज पिता अनिल कुमार ठाकुर (23) के रूप में बताई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपी वंशज ने स्वीकार किया कि उसके पास मौजूद मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस (क्रमांक एमपी 22 एमए 5127) और एक अन्य मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 51 एमवी 1346) शामिल हैं। दोनों वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपए है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उससे यह जानने के लिए पूछताछ की जा रही है कि वह किसी संगठित वाहन चोर गिरोह से जुड़ा है या नहीं।

थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी श्रद्धा सोनकर के निर्देशन में जिलेभर में वाहन चोरी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह गिरफ्तारी इसी अभियान का हिस्सा है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक चैनसिंह उइके के साथ सहायक उपनिरीक्षक निसार खान, प्रधान आरक्षक रणजीत पटले, आरक्षक संजय यादव, नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, अनुराग दुबे, केसरीनंदन ऐडे, रवि धुर्वे और अखिलेश माहोरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 80 किलोमीटर दूर धान बेचने कैसे पहुँचे किसान? सिवनी में धान खरीदी में बड़े फर्जीवाड़े का आरोप, भाजपा नेता के संरक्षण में बिचौलियों का खेल

# प्रेमलता, सुनील, अनिल और पुरषोत्तम की चांडाल चौकड़ी में फंसे किसान ?

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** में सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासकीय धान खरीदी केंद्रों की शुरुआत की गई थी। लेकिन सिवनी जिले से सामने आए ताजा आरोप इस पूरी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। ग्राम कोहका के किसानों के नाम पर कथित तौर पर ऐसा फर्जीवाड़ा किया गया है, जिसने न सिर्फ किसानों के हक पर डाका डाला, बल्कि सरकारी खरीदी व्यवस्था को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, सिवनी जिले के समृद्धि अन्न भंडार में कबीरा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष प्रेमलता और उसके गल्ला व्यापारी रिश्तेदार सुनील सनोड़िया ने अन्य व्यापारियों के साथ सांठगांठ कर बड़ी मात्रा में धान की खरीदी की। आरोप है कि यह पूरा खेल भाजपा नेता अनिल गोल्हानी के संरक्षण में चल रहा था, जिससे बिचौलियों के हौसले और बुलंद हो गए।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि ग्राम कोहका के किसान आखिर 80 किलोमीटर दूर धान बेचने कैसे पहुँचे? किसानों का कहना है कि उन्होंने न तो इतनी दूरी तय कर धान बेचा और न ही उन्हें शासकीय समर्थन मूल्य मिला। उन्होंने अपनी धान व्यापारी को बेचा लेकिन व्यापारी ने उनका पंजीयन लेकर यह धान समृद्धि अन्न भंडार में कबीरा स्वसहायता समूह को बेचा है। यह मामला साफ तौर पर किसानों के पंजीयन का दुरुपयोग है।

सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि गल्ला व्यापारी पुरुषोत्तम सनोड़िया ने किसानों के पंजीयन का इस्तेमाल कर बड़ी मात्रा में धान शासकीय खरीदी केंद्रों में बेचा। इस दौरान किसानों को औने-पौने दाम देकर बिचौलियों ने लाखों रुपये की कमाई की, जबकि कागजों में यह दर्शाया गया कि किसानों को समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिला। साथ ही यह भी आरोप है की समूह ने व्यापारियों की घटिया धान को भी खरीद कर व्यापारी को लाखो का फायदा पहुँचाया और खुद ने भी लाखो रूपये का कमीशन खाया है।

इस पूरे फर्जीवाड़े का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि किसानों के नाम और पंजीयन का इस्तेमाल कर शासन की किसान हितैषी योजनाओं में सीधी सेंधमारी की गई। जिन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना था, वही योजनाएं कुछ प्रभावशाली लोगों और बिचौलियों की तिजोरी भरने का जरिया बन गईं।



**शीतला पटले, जिला कलेक्टर** : किसानो के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालो पर कार्रवाई करो मैडम।



**अनिल गोल्हानी, भाजपा नेता** : किसानो के हक़ पर डांका डालने वालो का बना संरक्षक ?



**पुरषोत्तम सनोड़िया, गल्ला व्यापारी** : किसानो की आड़ में लाखो के व्यारे-न्यारे !

### सस्ते में खरीदकर सरकारी दरों पर बेचते हैं

स्वसहायता समूह की आड़ में यह पूरा नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय है। सुनील सनोड़िया, प्रेमलता सनोड़िया और पुरुषोत्तम सनोड़िया जैसे लोग किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनकी उपज सस्ते में खरीदते हैं और फिर सरकारी दरों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। किसानों को न तो सही दाम मिलता है और न ही उन्हें यह पता चल पाता है कि उनके नाम पर कितना धान बेचा गया। इस मामले में भाजपा नेता अनिल गोल्हानी का नाम सामने आना राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रशासन और संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे रहे, जिससे यह फर्जीवाड़ा लगातार चलता रहा। हालांकि, अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### ● निष्पक्ष जांच की मांग

बुद्धिजीवी लोगो का कहना है कि यदि शासन ने धान खरीदी केंद्र गांवों के पास ही बनाए हैं, तो फिर 80 किलोमीटर दूर खरीदी दिखाना अपने आप में संदेह पैदा करता है। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि एक सुनियोजित घोटाले की ओर भी इशारा करता है। अब इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की भूमिका अहम हो गई है। जरुरत है जिला कलेक्टर इस मामले का संज्ञान लें और निष्पक्ष जांच कराएं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी किसान हितैषी योजनाओं के नाम पर किसानों को लूटने की हिम्मत न कर सके।

### ● उठ रहे कई सवाल

फिलहाल, सिवनी जिले में यह सवाल गूंज रहा है। क्या किसानों के नाम पर हुए इस फर्जीवाड़े पर प्रशासन कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? जवाब अब जिला कलेक्टर और प्रशासनिक तंत्र के हाथ में है।

# माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने ''निर्झरणी महोत्सव'' 25 को

## लोकगायन, नृत्यनाटिका एवं भक्ति गायन से होगी सांस्कृतिक महानता की प्रस्तुति

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन सिवनी के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के अवसर पर पवित्र माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने के उद्देश्य से ''निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है।

संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत धरोहर हैं। उनके तटों पर अनेक संस्कृतियाँ, परम्पराएँ और जीवन दर्शन विकसित हुए हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत के महत्त्व को समझ सके, इसी उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में माँ नर्मदा के 11 पवित्र घाटों पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



इसी कड़ी में 25 जनवरी 2026 को सायं 6:00 बजे से घंसौर, जिला सिवनी में निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में श्री राजकुमार ठाकुर एवं साथी, सागर द्वारा बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात सुश्री मेघा सोनी एवं साथी, जबलपुर द्वारा 'अमृतस्य नर्मदा - स्त्री से शक्ति तक' विषय पर आधारित नृत्यनाटिका की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में श्री रुद्रकांत ठाकुर एवं साथी, सिवनी द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। निर्झरणी महोत्सव में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 173 आवेदन प्राप्त

# नल कलेक्टर, राजस्व रिकार्ड की समस्या लेकर पहुंचे लोग


राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**प्रत्येक** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 173 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडारयत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।



जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील छपारा अंतर्गत महाराण कालोनी निवासी अनिल कुमार बरमैया द्वारा नल कनेक्शन लगवाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम हथनापुर निवासी लीलाबाई साहू द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम पिंडरई सिवनी निवसी खेमचंद झाडे द्वारा राजस्व रिकार्ड में स्वयं का नाम भूमि स्वामी दर्ज कराये जाने विषयक, गांधी वार्ड घसियारी मोहल्ला निवासी ईश्वर चंदेल द्वारा संबल कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम सनाईडोंगरी निवासी शिवकुमार यादव द्वारा पैतृक मकान के सर्वे में हुई नामांकन त्रुटि सुधार विषयक, टैगौर वार्ड सिवनी निवासी अशोक यादव द्वारा खाद्यान्न पर्ची एवं राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम चीचबंद डूंडासिवनी निवासी अनीता मर्सकोले द्वारा मजदूरी की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार माल निवासी अमरलाल कुमरे कपिलधारा कूप निर्माण कार्य का भूगतान कराये जाने विषयक, ग्राम इंदावाडी सिवनी निवासी सोमवती एवं अन्य द्वारा सीमांकन न किये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम छीतापार निवासी आईटीआई घंसौर प्रधानमंत्री सडक से मुख्य मार्ग तक 650 मीटर मार्ग को भी जोडे जाने विषयक एवं ग्राम पारा निवासी इतिया भलावी द्वारा कुआं खनन की स्वीकृति प्रदाय किये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम बरेली निवासी उमेश यादव द्वारा फसल आगजनी की राहत राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम मचवाडा तहसील लखनादौन निवासी केवल बंजारा द्वारा कन्या विवाह योजना अंतर्गत जारी चैक की राशी 49 हजार रूपये दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम धनोली निवासी भारतलाल गेवारा द्वारा अभिलेख दुरूस्त कराये जाने विषयक, ग्राम खैरी सिवनी निवासी बलवंत सनोडया द्वारा संबल योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, भगतसिंह वार्डसिवनी निवासी नदीम खान धारणाधिकार पत्र प्रदाय किये जाने विषयक सहित अन्य आवेदन प्रस्तुत किए गए।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433